# हिमाचल प्रदेश केंद्रीयविश्वविद्यालय
## Central University of Himachal Pradesh
धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215
DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215
Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

## प्रेस नोट

**दिनांक-14.9.2022**

# केंद्रीय विवि में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ

## 16 से 27 सितंबर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**धर्मशाला।** दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन सूरत, गुजरात में बुधवार 14 सितंबर, 2022 को माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार द्वारा हिंदी दिवस के उद्घाटन से हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित प्रत्येक कार्यालय में हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ हो गया। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं शोधार्थियों-विद्यार्थियों को हिंदी दिवस, 2022 की हार्दिक बधाइयाँ दी।

हिंदी पखवाड़ा, 2022 के कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय के सभी परिसरों तथा कार्यालयों के लिए विभिन्न श्रेणियों यथा स्नातक, स्नातकोत्तर, शोधार्थी, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के लिए दिनांक 16.09.2022 से लेकर 27.09.2022 के दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी।

इस दौरान आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को माननीय कुलपति द्वारा दिनांक 29.09.2022 को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

दूसरे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, सूरत गुजरात को वेबकास्ट के माध्यम से ऑनलाइन प्रसारित किया गया, जिसे हिंदी विभाग के शोधार्थियों, विद्यार्थियों ने धौलाधार परिसर-2 के हॉल में प्रोजेक्टर के माध्यम से सजीव देखा। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण से पहले माननीय गृह मंत्री तथा माननीय शिक्षा मंत्री द्वारा हिंदी दिवस पर जारी संदेश को पढ़ा गया तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हिंदी के विभिन्न पक्षों पर सार्थक चर्चा की।

पूजा नकवी

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला